## सार-समाचार

### हिंदू संगठनों ने बैलों से भरा ट्रक पकड़ा

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के कुड़ी भगतासनी थाना क्षेत्र में देर रात हिन्दूवादी संगठनों ने एक ट्रक को रूकवाया और तलाशी ली। तब ट्रक में नागौरी बैल मिले। गौ तस्करी की आशंका में बैलों का ट्रक कुड़ी थाने पर लाया गया। थाने पर लोगों ने हंगामा करते कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने बैलों को लाने वाले दो लोगों को शांतिभंग में पकड़ा, मगर आरंभिक पड़ताल में पता लगा कि नागौरी बैलों को खरीद फरोख्त कर लाया गया था और गुजरात खेतीबाड़ी के लिए ले जाया जा रहा था। लाने वालों के पास में खरीद को लेकर रसीदें भी मिली है। बकायदा खरीद एक स्टांप पर की गई है। फिलहाल बैलों को पुलिस ने देर रात नजदीक की गौशाला पर भिजवा दिया। कुड़ी थाने के एसआई रामभरोसी ने बताया कि देर रात में हिन्दूवादी संगठन शिवसेना कार्यकर्ताओं द्वारा एक ट्रक को बैलों से सहित पकड़ा गया था। जिसे वे बाद में थाने पर लेकर आए थे। ट्रक में आठ नागौरी बैल थे। जोकि गुजरात जा रहे थे। शिवसैनिकों ने गौ तस्करी की आशंका जताई। मगर जब उसके चालक और खलासी से पूछताछ की गई तो पता लगा कि बैल नागौर से खरीदे गए है और 50 रूपए के स्टांप पर लिखा पढ़ी हो रखी थी। शिवसैनिक 50 रूपए के स्टांप को वैलिड नहीं मान रहे थे। आठों बैल नागौरी है और जोकि गुजरात खेतीबाड़ी के लिए खरीदे गए थे। एसआई रामभरोसी ने बताया कि देर रात बैलों को नजदीक की गौशाला पर भिजवाया। इसके चालक और खलासी को शांतिभंग में पकड़ा गया है। इसमें गौ तस्करी जैसी कोई बात सामने नहीं आई है, फिलहाल अठिाम अनुसंधान जारी है।

### नैक्सा एवरग्रीन पर एक और केस दर्ज

**जोधपुर**, (कासं)। लोगों से निवेश के नाम पर करोड़ों का फ्रॉड करने वाली कंपनी नैक्सा एवरग्रीन पर एक और केस दर्ज हुआ है। महामंदिर के एक दंपत्ति की तरफ से 12 लाख की धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कराया गया है। इस कंपनी के कुछ लोगों को करवड़ पुलिस कुछ दिन पहले सीकर जेल से प्रोडक्शन वारंट पर भी लेकर आई थी। जोधपुर कमिश्नरेट के कई थानों में कंपनी के खिलाफ लोगों से ठगी के प्रकरण दर्ज हो रखे है। यह भी ज्ञात रहे कि गत दिनों ईडी की टीम ने भी कंपनी के एक कार्यालय पर रेड दी थी। महामंदिर पुलिस ने बताया कि नैक्सा एवरग्रीन कंपनी के एजेंटों एवं संचालकों के खिलाफ सुल्ताननगर, बीजेएस कॉलोनी निवासी मोहनसिंह और उनकी पत्नी लेहरूकंवर की तरफ से 12 लाख की धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज करवाया गया है। कंपनी के प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, नरपत सिंह और गजेंद्रसिह के खिलाफ यह रिपोर्ट दी गई है। इन लोगों ने झांसे में लेकर कंपनी में निवेश के नाम पर प्रति सप्ताह दोगुना लाभ का लालच दिया था। जिस पर दंपत्ति की तरफ से कंपनी में 12 लाख का निवेश किया गया था। बता दें कि कंपनी के खिलाफ पूरे प्रदेश भर से सौ से अधिक मुकदमें दर्ज हो रखे है। अकेले जोधपुर कमिश्नरेट में बीस से ज्यादा प्रकरण सामने आ चुके है। निवेश के नाम पर पुलिस कर्मी तक ठगे जा चुके है। जिला पूर्व की करवड़ पुलिस ने गत दिनों सीकर जेल से पांच लोगों को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया था। जांच पड़ताल के बाद जिन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गया था।

### जोधपुर में तीन बाल श्रमिक मुक्त कराए

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के कायलाना रोड स्थित एक कबाड़ की दुकान पर काम कर रहे दो बच्चों को बालश्रम से मुक्त करवाया गया। वहीं मंडोर एसटीसी गेट के सामने भी एक बालक को दुकान पर कार्य करने पर बाल मजदूरी से मुक्त कराया गया। दुकानदारों के खिलाफ पुलिस में मामलें दर्ज कराए गए है। मानव तस्करी विरोधी यूनिट जिला पश्चिम की एसआई कैलाशी गुगड़वाल मंगलवार को कायलाना रोड स्थित रामदेव पेट्रोल पंप के सामने एक कबाड़ की दुकान पर पहुंची। जहां पर दो बच्चें श्रम करते मिले। बाद में उन्हें चाइल्ड हैल्प लाइन के जरिए सुधार गृह भिजवाया गया। कबाड़ की दुकान चलाने वाले प्रतापनगर निवासी उम्मेद सिंह चौहान के खिलाफ सूरसागर थाने में केस दर्ज कराया गया। इसी तरह मंडोर थाने की एसआई अरूणा कुमारी ने मंडोर स्थित एसटीसी गेट के सामने एक दुकान से बालश्रमिक को मुक्त करवाया। दुकानदार नागौरी बेरा मंडोर निवासी अर्जुन भाट के खिलाफ मंडोर थाने में केस दर्ज करवाया गया।

### फोन हैक कर 76 हजार रुपए की ठगी

**जोधपुर**, (कासं)। एक फ्रॉडस्टर ने एपीके लिंक के जरिये फोन हैक कर ग्रामीण के साथ 36 हजार 380 रुपए की ठगी कर ली। शिकायत पर जोधपुर ग्रामीण पुलिस के साइबर सैल ने कार्रवाई करते हुए राशि को होल्ड करवा दिया। बाद में पुलिस थाना खेड़ापा द्वारा कोर्ट से रिफंड ऑर्डर करवाकर 36 हजार 380 रुपए परिवादी के बैंक खाते में वापस रिफण्ड करवाने में सफलता प्राप्त की। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी ने बताया कि धनारी खुर्द निवासी नरपतसिंह को फ्रॉडस्टर द्वारा एपीके लिंक के जरिये फोन हैक कर 76 हजार 609 रुपयों की ठगी कर ली गई। परिवादी ने 1930 पर शिकायत दर्ज करवाई, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुये साइबर सैल द्वारा 36 हजार 380 रुपए की राशि होल्ड करवा दी गई तथा कोर्ट से रिफण्ड ऑर्डर करवाकर यह राशि परिवादी के बैंक खाते में वापिस रिफण्ड करवाने में सफलता प्राप्त की। यह कार्रवाई उप अधीक्षक साइबर सैल रतनसिंह के निकट सुपरविजन में कांस्टेबल पुखराज व दयालसिंह द्वारा संपादित की गई।

### राह चलते व्यक्ति की सड़क पर मौत

**जोधपुर**, (कासं)। सरदारपुरा बी रोड पर एक व्यक्ति सडक़ पर चलते अचानक गिर गया। एमजीएच लाए जाने पर डॉक्टर ने उसे मृत बता दिया। संभवत : उसे दिल का दौरा पड़ा था। सरदारपुरा थाना पुलिस ने मर्ग की कार्रवाई कर शव परिजन को सुपुर्द किया। सरदारपुरा पुलिस ने बताया कि उत्तरप्रदेश के महाराजगंज स्थित भिणरा बाजार चौक का रहने वाला अजीत कुमार निगम पुत्र रामावतार निगम यहां सरदारपुरा बी रोड पर सडक़ पर पैदल निकल रहा था। तब अचानक से उसकी तबीयत बिगड़ी और वह गिर गया। बाद में राहगीरों की मदद से उसे एमजीएच भिजवाया गया। मगर यहां लाने पर डॉक्टर ने उसे मृत बता दिया। उसे हार्ट अटैक से मौत होना बताया जाता है। चचेरे भाई धर्मेंद्र निगम ने मर्ग में रिपोर्ट दी।

### रेजिडेंट डॉक्टर्स ने की दो घंटे हड़ताल

**जोधपुर**, (कासं)। एस एन मेडिकल कॉलेज के रेजिडेंट डॉक्टर राकेश विश्नोई के सुसाइड मामले को लेकर रेजिडेंट डॉक्टर्स ने आज दो घंटे की पेनडाउन हड़ताल रखी। इससे पहले मंगलवार सुबह 8 से 10 बजे तक एसएन मेडिकल कॉलेज के सभी रेजिडेंस डॉक्टर ने ओपीडी, आईपीडी, ट्रोमा वार्ड सहित विभागों में पेनडाउन हड़ताल की। रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. हीरालाल यादव ने बताया कि डॉ. राकेश के सुसाइड मामले को लेकर प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। यह चुप्पी केवल अन्यायपूर्ण है बल्कि पूरे मेडिकल सिस्टम का भी विश्वास तोड़ती है। इसी के विरोध में प्रतीकात्मक हड़ताल रखी गई।

### अत्यधिक शराब सेवन से युवक की मौत

**जोधपुर**, (कासं)। बासनी इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति की अत्यधिक शराब सेवन से तबीयत बिगड गई। इस पर उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया, मगर चिकित्सक उसे बचा नहीं पाए। उसकी उपचार के बीच मौत हो गई। भाई की तरफ से पुलिस में मर्ग की रिपोर्ट दी गई है। बासनी पुलिस ने बताया कि मूलतः गोपालगंज माझागढ़ बिहार हाल बासनी एरिया में रहने वाले 45 साल के राजू भाई मिश्रा ने अत्यधिक शराब का सेवन कर लिया था। जिस पर उसकी तबीयत बिगड़ गई और उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मगर उसकी मंगलवार को उपचार के बीच मौत हो गई।

### मादक पदार्थ डोडा पोस्त व शराब बरामद

**जोधपुर**, (कासं)। बासनी पुलिस ने डोडा पोस्त के साथ एक युवक को पकड़ा। उसके पास से 80 ग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ। बासनी थानाधिकारी नितिन दवे ने बताया कि थाना क्षेत्र में गश्त के समय रात को एक युवक को संदेह के आधार पर पकड़ा गया। उसके पास तलाशी लिए जाने पर 80 ग्राम डोडा पोस्त मिला। इस पर लूणी के फींच स्थित मेरियानाडा निवासी रूपाराम विश्रोई को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार किया गया। भगत की कोठी थाने के हैड कांस्टेबल नैनाराम ने कुड़ी भगतासनी निवासी राणाराम पुत्र गोपाराम भाट को अवैध शराब के साथ पकड़ा।

### अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा 24 जून से

**पाली**,(नि.सं.)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा शिविरों का आयोजन 24 जून से 9 जुलाई 2025 तक उपखण्ड मुख्यालय के विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित कर ग्रामीणजनों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। जिला कलैक्टर एलएन मंत्री ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा शिविर के तहत 24 जून को बाली के बेडल, बिसलपुर, पैरवा एवं बोया में शिविर आयोजित होंगे।

# अमृत भारत स्टेशन के तहत दो माह में कायाकल्प होगा : त्रिपाठी

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर मंडल करीब 1626 रूट किलोमीटर में फैला है और इसके अधीन 144 रेलवे स्टेशन हैं। इनमें से 15 स्टेशन 'अमृत भारत स्टेशन' योजना के तहत चुने गए हैं, जिनका कायाकल्प लगभग दो महीनों में पूरा हो जाएगा। जोधपुर मंडल के डीआरएम अनुराग त्रिपाठी ने मीडिया से औपचारिक बात कर रहे थे।

■ '15 स्टेशन 'अमृत भारत स्टेशन' योजना के तहत चुने, कायाकल्प लगभग दो महीनों में पूरा होगा'



जोधपुर मंडल के डी.आर.एम. अनुराग त्रिपाठी ने प्रेसवार्ता की।

उन्होंने बताया कि जोधपुर रेल मंडल, उत्तर पश्चिम रेलवे (एनडब्ल्यूआर) का एक प्रमुख हिस्सा, इन दिनों अभूतपूर्व विकास की राह पर है। जोधपुर, जैसलमेर और पाली रेलवे स्टेशन को मेजर डवलपमेंट प्रोजेक्ट्स में शामिल किया गया है। इन स्टेशनों पर करोड़ों रुपये के कार्य किए जा रहे हैं। खास बात यह है कि जोधपुर रेलवे स्टेशन पर 500 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। इसमें 26 लिफ्ट्स, 16 एस्केलेटर्स, मल्टीपल एंट्री और एग्जिट गेट, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, वेटिंग लाउंज, डिजिटल डिस्प्ले, फूड कोर्ट जैसी कई सुविधाएं शामिल हैं, जिससे यात्रियों को वर्ल्ड क्लास अनुभव मिलेगा।

जोधपुर मंडल से वंदे भारत सेमी हाई स्पीड ट्रेन की शुरुआत हो चुकी है, जिससे क्षेत्र के रेल यातायात को नई गति मिली है। इसके साथ ही, भगत की कोठी, जोधपुर में 150 करोड़ रुपये की लागत से वंदे भारत ट्रेनों का मेंटेनेंस डिपो बन रहा है, जो एक साल में तैयार हो जाएगा। इसके अलावा, यहां 200 करोड़ रुपए की लागत से ऑफिस और ट्रेनिंग सेंटर का निर्माण भी प्रगति पर है।उन्होंने बताया कि मंडल में करीब 11 हजार कर्मचारी कार्यरत हैं, जो देश के हर हिस्से को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण ट्रेनों के संचालन में जुटे हैं।

डीआरएम त्रिपाठी ने बताया कि भारतीय रेल के सभी बड़े निर्णयों को जोधपुर मंडल में भी तत्परता से लागू किया जा रहा है। उन्होंने रेलकर्मियों से ईमानदारी और यात्रियों को कंफर्टेबल यात्रा अनुभव देने की अपील की।

उन्होंने बताया कि सेफ्टी के लिए इंजीनियरिंग और मेंटेनेंस विभाग लगातार ट्रैक मशीनों के जरिए ट्रैकों की देखरेख कर रहे हैं। यात्रियों से अपील की गई है कि वे रेल परिसर को स्वच्छ और सुरक्षित रखने में सहयोग करें। रेलवे प्रशासन भी स्वच्छ और संरक्षित वातावरण देने के लिए प्रतिबद्ध है। डीआरएम अनुराग त्रिपाठी ने कहा कि जोधपुर मंडल में देश की तर्ज पर सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

उन्होंने उम्मीद जताई कि स्थानीय लोग, रेलवे कर्मचारी और अधिकारी मिलकर रेलवे को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। इस दौरान अन्य अधिकारियों के साथ जोधपुर मंडल के सीनियर डीसीएम विकास खेड़ा भी मौजूद थे।

# युवक को बचाने वाले लोको पायलट व सहायक लोको पायलट का सम्मान

**जोधपुर**, (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे जोधपुर रेल मंडल पर कार्यरत लोको पायलट को एक युवक की जान बचाने पर डीआरएम अनुराग त्रिपाठी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

दरअसल 10 जून को जोधपुर-जैसलमेर रेलखंड में कार्यरत ट्रेन संख्या 14087 पर नियुक्त लोकोपायलट किशोर कुमार एवं सहायक लोकोपायलट अशोक चौधरी ने कर्तव्यनिष्ठा, सतर्कता और मानवीय संवेदना का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया था।

डीआरएम अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि ट्रेन संचालन के दौरान ओसियां-भीकमकोर सेक्शन में चालक दल ने देखा कि एक युवक रेलवे ट्रैक पर लेटा हुआ है।

स्थिति की गंभीरता को समझते हुए उन्होंने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक का प्रयोग किया, जिससे ट्रेन समय रहते युवक के पास ही रुक गई और एक अमूल्य मानव जीवन की रक्षा संभव हो सकी।

इस घटना की तुरंत सूचना संबंधित विभागों को दी गई, जिससे समय पर आवश्यक सहायता पहुंचाई जा सकी। चालक दल की सजगता और त्वरित निर्णय ने संभावित दुर्घटना को टाल दिया। इनके सराहनीय एवं जीवनरक्षक कृत्य के लिए जोधपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) की ओर से दोनों रेल कर्मचारियों को नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# बीमा वाहन रवाना किया

**पाली**,(नि.सं.)। भारत सरकार एवं भारतीय बीमा विनामयक के साझा कार्यक्रम "सबको बीमा अभियान-2047" के तहत जनरल इंश्योरेंस काउंसिल एवं यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड पाली की ओर से "अच्छा किया इंश्योरेंस लिया" बीमा प्रचार-प्रसार के लिए बीमा वैन को जिला कलेक्ट्रेट परिसर से जिला कलेक्टर एल.एन. मंत्री एवं एसडीएम डॉ बजरंग सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कलेक्टर एल.एन. मंत्री ने कहा कि बीमा न केवल एक वित्तीय सुरक्षा है, बल्कि यह भविष्य की अनिश्चितताओं से लड़ने का एक मजबूत कवच भी हैं। सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2047 तक देश का हर नागरिक किसी न किसी बीमा सुरक्षा के दायरे में आ जाए।

राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग के उप निदेशक ने बताया कि बीमा वैन के जरिए आगामी तीन दिवस तक जिले के विभिन्न गांवों, कस्बों और नगरों में जाकर लोगों को बीमा की आवश्यकता और लाभों के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस अभियान के तहत विशेष रूप से उन लोगों तक पहुंचने का प्रयास किया जाएगा, जो अभी तक बीमा से अछूते हैं या इसके प्रति पर्याप्त जानकारी नहीं रखते हैं।

यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड पाली के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक रमेश कुमार सिहाग, राज्य बीमा विभाग के पर्यवेक्षक सी.पी.वैष्णव, दिनेश परिहार, नीरज बजाज, शमशेर खान, छगनलाल, अरूण कुमार, देवीलाल तथा अन्य एजेंटस मौजूद रहे।

# धार्मिक व पर्यटन स्थलों पर भी 21 जून को योग होगा

**पाली**,(नि.सं.)। जिला कलैक्टर एलएन मंत्री की अध्यक्षता में आज सूचना प्रौद्योगिकी संचार विभाग के वी सी रूम में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2025 को लेकर जिला कलैक्टर ने वीसी के माध्यम से जिला स्तर एव ब्लॉक स्तर अधिकारियों को तैयारी के लिये आवश्यक निर्देश दिये।

वीसी में जिला कलैक्टर ने योग दिवस की तैयारियो के लिये जिनमे जिला स्तरीय कार्यक्रम लाखोटिया में व जिले के अन्य स्थानो पर आयोजित होने वाले योग दिवस के बारे में उपखंड अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। योग दिवस समारोह में जिला एवं समस्त अधीनस्थ कार्यालयों के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके निकटस्थ आयोजित होने वाले योग दिवस में शतप्रतिशत भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।

केन्द्रीय एवं राज्य सरकार के विभागो, उपक्रमों, निगमो, बोर्ड एवं सामाजिक भामाशाहों, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, स्वयं सेवी संगठनों आदि भाग लेंगे।

जिला कलैक्टर जिला एव ब्लॉक के अधिकारियों को निर्देशित किया कि 11 वा अंतराष्ट्रीय योग दिवस को भव्य रूप प्रदान करे।योग स्वस्थ्य एव स्वस्थ समाज के लिए अति आवश्यक है।योग दिवस पर आमजन की अधिक से अधिक सहभागिता निर्धारित की जाए। साथ ही इससे जुडे विभागों को इसके बारे में आवश्यक निर्देश दिये।

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून. 2025 का जिला स्तर का कार्यक्रम लाखोटिया उद्यन में होगा। जिले में रणकपुर ,मानपुरा भाखरी ,सोनाणा खेतला जी , ओम आश्रम जाडन, जवाई आदि पर भी योग दिवस का आयोजन किया जायेगा। साथ ही ब्लॉक, ग्राम पंचायत स्तर, आयुष्मान ग्य मन्दिर, सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों, विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा चिन्हित धार्मिक व पर्यटन स्थलों पर प्रातः 6.00 से 8.00 बजे जिसमें 6.30 से 7.00 बजे तक माननीय प्रधानमंत्री के उदबोधन का लाईव प्रसारण होगा तत्पश्चात 7.00 से 7.45 तक आयुष मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा निर्धारित कॉमन योग प्रोटोकॉल अनुसार योगाभ्यास कर योग दिवस का आयोजन किया जायेगा।

इस अवसर पर वीसी में जिला कलैक्टर एलएन मंत्री ने योग दिवस से संबधित पोस्टर व पैम्पलेट का विमोचन किया जिसमें योग के बारे में जानकारी दी गयी है।

इस अवसर पर बैठक में अतिरिक्त जिला कलैक्टर डॉ बजंरग सिंह , डीएफओ पी बाला मुरूगन , प्रशिक्षु आईएएस बिरजू चौधरी , सीईओ जिला परिषद मुकेश चौधरी , ऐसीईओ विशाल सीपा, नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज , सहित सभी संबंधित कार्मिक मौजूद रहे।

### निरीक्षण किया

**बालोतरा**, (नि.सं.)। अतिरिक्त जिला कलैक्टर बालोतरा डॉ. गुंजन सोनी ने बुधवार को बायतु उपखण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत निंबाणियों की ढाणी का विस्तृत दौरा किया।

इस दौरान उन्होंने उप स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र और पशु चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया, साथ ही ग्रामीणों से सीधा संवाद कर क्षेत्र में विद्युत और पेयजल की धरातलीय स्थिति का जायजा लिया।

# आर्य समाज जालोर की बैठक आयोजित

**जालोर**, (कासं)। आर्य वीर का एवं आर्य समाज जालोर की संयुक्त बैठक पुरानी सब्जी मंडी स्थित आर्य वीरम व्यायाम शाला में अध्यक्ष कृष्ण कुमार की अध्यक्षता मे आयोजित हुई।

बैठक में आर्य वीर दल का 7 दिवसीय आत्म रक्षा, चरित्र निर्माण, संस्कार एवं योग शिविर 22 से 28 जून तक लाल पोल के अंदर स्थित आर्य सुभाष व्यायामशाला में कराने का निर्णय लिया गया। 14 वर्ष से अधिक के बालक - बालिका भाग लें सकेंगे। आर्य वीर दल के महामंत्री शिवदत्त आर्य ने बताया कि 21 जून शाम 5 बजे प्रारम्भ होगा। शिविर प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 8ः०० और शाम 6 बजे से 8 बजे तक विभिन्न सत्रों में होगा। ईश्वर उपासना, यज्ञ, बौद्धिक योगासन, कराटे ,लाठी व तलवार की विधा का प्रशिक्षण दक्ष प्रशिक्षको द्वारा दिया जायेगा। जिसके निमित्त पूर्व पार्षद भरत कुमार भादरु को शिविर संयोजक व पूर्व पार्षद जगदीश आर्य को सह- सयोजक नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान बौद्धिक वार्ताएं भी होगी तथा भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रतिदिन दूध और गुड - चना प्रतिदिन दिया जाएगा। समापन पर सभी प्रतिभागियों को समाज सेवी चंद्रशेखर शर्मा द्वारा टी-शर्ट एवं बोहरा इंजीनियरिंग द्वारा स्मृति चिंह पुरस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा। शीतल जल के लिए दो कैम्पर श्रवण कुमार पुत्र जगाराम सरगरा ने तथा दो कैम्पर हीरालाल पुत्र शंकरलाल सरगरा ने भेट किए है।

इस मौके पर आर्य समाज के प्रधान दलपत सिंह आर्य, आर्य वीर दल राजस्थान की अधिष्ठाता विनोद आर्य, संचालक प्रशांत सिंह, पूर्व संचालक छगन आर्य, पूर्व पार्षद भरत भादरू ,पूर्व पार्षद जगदीश आर्य, मोहनलाल भादरु, संगठन मंत्री कांतिलाल आर्य उपस्थित थे।


**कार्यालय नगर परिषद् जैसलमेर (राज). 345001**
क्रमांक/भूमि/2025-26/704 दिनांक-17/06/25
**-: प्रसारित नोटिस उजरदारी :-**
श्रीमती भारती कंवर पाउ पत्नी श्री महेन्द्र सिंह पाउ निवासी न्यू गीता आश्रम कॉलोनी भास्कर मौहल्ला जैसलमेर द्वारा एक आवेदन - पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र पेश कर निवेदन किया है कि भूखण्ड संख्या 447 -सी 25 गुणा 60 वर्गफीट वाके सिलावटा पाड़ा मन्दिर पैलेस के पीछे जैसलमेर जो की श्रीमती देवकी देवी पत्नी श्री अर्जुन सिंह देवडा का स्वर्गवास दिनांक 05.04.2025 को होने के कारण वारिसयान श्रीमती भारती कंवर पाउ पत्नी श्री महेन्द्र सिंह पाउ निवासी न्यू गीता आश्रम कॉलोनी भास्कर मौहल्ला जैसलमेर द्वारा अपने नाम से दर्ज करवाना चाहती है। अतः इस सम्बन्ध मे किसी व्यक्ति/ पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय में 7 दिवस के भीतर पेश करे अन्यथा बाद म्याद कोई उजर ऐतराज मान्य नही होगा तथा नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। सूचित रहे
आयुक्त,
नगर परिषद जैसलमेर

**कार्यालय नगर परिषद् जैसलमेर (राज). 345001**
क्रमांक/भूमि/2025-26/706 दिनांक-17/06/25
**-: प्रसारित नोटिस उजरदारी :-**
श्री फतेहचंद पुत्र श्री लेखराज खत्री निवासी खत्री पाड़ा जैसलमेर द्वारा एक आवेदन -पत्र पेश कर निवेदन किया है कि मकान संख्या 3657 साईज 566.19 वर्गफीट वाके खत्री पाडा, जैसलमेर जो की श्री मोहित खत्री पुत्र श्री चतुर्भज खत्री जाति खत्री निवासी खत्री पाडा, जैसलमेर से जरिये रजिस्टर्ड विक्रय -पत्र से क्रय किया गया है। उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्री फतेहचंद पुत्र श्री लेखराज खत्री पाडा जैसलमेर द्वारा अपने नाम से दर्ज करवाना चाहते है। अतः इस सम्बन्ध मे किसी व्यक्ति / पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय में 7 दिवस के भीतर पेश करे अन्यथा बाद म्याद कोई उजर ऐतराज मान्य नही होगा तथा नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। सूचित रहे
आयुक्त,
नगर परिषद जैसलमेर

**आम सूचना**
**शपथ पत्र**
**(फर्म में भागीदार बदलने के लिये)**
मैसर्स - चिमा स्टोन्स, 7 आशापूर्णा कॉलोनी जालोर जिला जालोर 343001 (राज.) के भागीदार शपथ पत्र प्रस्तुत कर निवेदन करते है कि :- 1. फर्म के भागीदार श्री आनन्दसिंह पुत्र श्री मांगीलालजी निवासी 7 आशापूर्णा कॉलोनी जालोर जिला जालोर को स्वेच्छा से हटाया जाता है। 2. फर्म के भागीदार श्री रिछपालसिंह पुत्र श्री मांगीलालजी निवासी 7 आशापूर्णा कॉलोनी जालोर जिला जालोर को स्वेच्छा से हटाया जाता है। 3. फर्म के भागीदार श्री हरीसिंह पुत्र श्री मांगीलालजी निवासी 7 आशापूर्णा कॉलोनी जालोर जिला जालोर को स्वेच्छा से हटाया जाता है। 4. फर्म के भागीदार श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री हरलालसिंह , निवासी 229 आशापूर्णा कॉलोनी जालोर जिला जालोर को स्वेच्छा से हटाया जाता है। 5. फर्म के भागीदार श्री धर्मपालसिंह पुत्र श्री हरलालसिंह निवासी 229 आशापूर्णा कॉलोनी जालोर जिला जालोर को स्वेच्छा से हटाया जाता है। 6. श्री रामदेव राम पुत्र श्री हरजीराम, निवासी वार्ड सं. -10 तहसील परबतसर, ललाना खुर्द, जिला नागौर (राज.) को दिनांक 15.5.2025 से नया भागीदार बनाया जाता है। 7. श्री हनुमान राम पुत्र श्री हरजीराम, निवासी वार्ड सं.10 तहसील परबतसर, ललाना खुर्द, जिला नागौर (राज.) को दिनांक -15.5.2025 से नया भागीदार बनाया जाता है। 8. श्री बिष्णु कुमार पुत्र श्री संतोष कुमार माली निवासी 201/11, बालाजी मन्दिर वाली गली, सुभाषनगर , अजमेर (राज.) को दिनांक -15.5.2025 से नया भागीदार बनाया जाता है अगर इसमे किसी को किसी प्रकार की आपत्ती हो तो कृपया 10 दिन के भीतर जिला उधोग एवं वाणिज्य केन्द्र जालोर को सूचित करे।
स्थान - जालोर
दिनांक - 04.06.2025
मो. नम्बर - 9602893606, 9414153172, 9414151613, 9571229807 , 9413127114


# जोधपुर में योग दिवस की तैयारी जोरों पर

**जोधपुर**, (कासं)। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस जिले में उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा। इस वर्ष की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य (के तहत जन-जागरूकता को केंद्र में रखकर भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

जिला प्रशासन द्वारा इस अवसर पर जोधपुर के तीन प्रमुख स्थलों मेहरानगढ़ किला, मण्डोर उद्यान और सम्राट अशोक उद्यान पर सुबह छह से आठ बजे तक सामूहिक योग सत्र आयोजित किए जाएंगे। इस आयोजन को व्यवस्थित और प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के लिए बुधवार को जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल की अध्यक्षता में समन्वय बैठक हुई। प्रशासन द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि जिला स्तर के साथ-साथ ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर भी योग कार्यक्रम समुदाय की भागीदारी से आयोजित हों, ताकि योग की पहुंच अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित हो सके। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. धीरज कुमार सिंह सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

# चौहान ने नगाणा मंदिर में पौधारोपण किया



अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान ने नगाणा मंदिर में पौधारोपण किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**बालोतरा**, (नि.सं.)। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद बालोतरा भुवनेश्वर सिंह चौहान ने पंचायत समिति कल्याणपुर के नगाणा मंदिर में दर्शन किये।

उन्होंने सभी के लिए मंगलकामना की एवं इस वर्ष मानसून में अच्छी बरसात हो तथा किसानों के लिए श्रेष्ठ फसल हो इसकी मां नागणेचियों से प्रार्थना की तथा वंदे गंगा जल सरंक्षण एवं जन भागीदारी पखवाडा के तहत नगाणा मंदिर में पौधारोपण किया। एवं आगामी मानसुन को देखते हुए सभी को पौधारोपण करने हेतु प्रेरित किया, मंदिर प्रागण के बाहर साफ सफाई को लेकर भी जागरूक करने का संदेश दिया। गर्मी के मौसम में यात्रियों के लिए पानी की व्यवस्था एवं पशु पक्षियों के लिए परिंडे लगाने को लेकर विकास अधिकारी को निर्देशित किया।

वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में विकास अधिकारी महेश सिंह ग्राम विकास अधिकारी भीमाराम एवं कलाराम तथा मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य सहित कई जने उपस्थित रहे।

# अभिभाषक संघ आहोर की बैठक आयोजित

**जालोर**, (कासं)। अभिभाषक संघ आहोर की बैठक बुधवार को अध्यक्ष विकमसिह राजपुरोहित् की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक में अधिवक्ताओं द्वारा आहोर मुख्यालय पर तहसील व उपखण्ड कार्यालय में आने वाली समस्याओं के बारे में चर्चा हुई जिसमे राजकीय कार्य में रजिस्ट्री, सम्परिवर्तन, मुख्तयारनामा के आधार पर रजिस्ट्री के लिये कर्मचारियां द्वारा वसूली की व्यवस्था बंद की जाये व पंजीयन कार्य में दलाल, स्टाम्प वेडर, दस्तावेज लेखक द्वारा दस्तावेज पंजीयन करवाने में समय समय पर जारी राजकिय परिपत्र की पालना सुनिश्चित जाये पंजीयन कार्यालय में पुजीयन अधिकारी द्वारा अधिवक्ओ की उपेक्षा रोका जाये। राजकीय व न्यायिक कार्य में राजेंनैतिक हस्तक्षेप बन्द किया जाए।

तहसील व उपखंड कार्यालय में अधिवक्ता व लोगों के साथ बिना भेदभाव कार्य किया जावो उक्त पालना के लिए सचिव व अध्यक्ष को निर्देशित किया गया।

### बस्तियों की समस्याएं बताई

**पाली**, (नि.सं.)। सर्वोदय नगर, न्यू शक्ति नगर, पटेल नगर, अन्नपूर्णा नगर, शिव शक्ति नगर आदि बस्तियों की समस्याओं के समाधान की मांग व मूलभूत सुविधाओं को लेकर वाल्मिकी समाज सेवा समिति पाली के तत्वावधान में मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर पाली के मार्फत हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपा।

समाजसेवी एडवोकेट विक्रम चंदानी, मुकेश कण्डारा, सुरेश जावा, विनोद कुमारतेजी, शिवसेना शिन्दे के जिला प्रमुख तख्तसिंह सोलंकी, सुरेश चांवरिया, हेमराज धरी, संतोष तेजी, किशोर डुलगच, विक्रमजी, बलराज खैरालिया, निर्मल तेजी, सुगन डुलगच, राकेशबारेशा, नारायण आदिवाल, कालु कण्डारा, मुरली धरी, बाबु महाराज, जितेन्द्र, मनोज कुमार, महेन्द्र, साहिल, शंकरलाल, राज चौहान, इकबाल सहित कई जने उपस्थित थे।

# योग दिवस की तैयारी व व्यवस्थाओं पर चर्चा की

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जिला कलैक्टर प्रतापसिंह ने 21 जून योग दिवस की तैयारी एवं व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली एवं निर्देश दिये कि सभी व्यवस्थाए समय पर चाक-चौबन्द रहे। उन्होंने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से विख्यात खुहड़ी के लहरदार धौरों पर इस वर्ष " एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य " थीम पर जिला स्तरीय योग दिवस का भव्य कार्यक्रम आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि योग दिवस के उपलक्ष में खुहड़ी में योग दिवस पर 21 जून को प्रातः 7 बजे आयोजित होगा एवं योगाभ्यास कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी हो

जिला कलैक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि खुहड़ी में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम में जो संख्या उन्होंने बताई है उसी के अनुरुप होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि अधिकारी-कर्मचारी अनिवार्य रुप से जैसलमेर से रात्री लगभग 3 बजे रवाना होकर खुहड़ी बसों के माध्यम से पहुंच जायें, इसमें किसी प्रकार की कोताही नहीं बरतें। उन्होंने कहा कि कोई भी अधिकारी कर्मचारी योग कार्यक्रम में उस दिन अनुपस्थित नहीं रहे एवं समय पर भाग लें। अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्व कार्यवाही भी अमल में लायी जा सकती है।उन्होंने बैठक के दौरान योगाभ्यास स्थल व्यवस्था, मंच व्यवस्था, पानी-बिजली व्यवस्था, पार्किग व्यवस्था, वीआईपी योगाभ्यास स्थल व्यवस्था, परिवहन व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था इत्यादि की विस्तार से चर्चा की एवं सभी प्रभारी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समय रहते सभी व्यवस्थाए चाक चोबन्द कर दें। उन्होंने मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे खुहड़ी व आस-पास की ग्राम पंचायतों से अधिकाधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करें एवं इसके लिये ग्राम विकास अधिकारियों को पाबंद कर समय पर योग स्थल पर लोगों को लाने की व्यवस्था कर दें।


**कार्यालय संयुक्त निदेशक कृषि (वि.) जि.प. जालोर**
Email ID :JDAGRZP..JALORE..AGRI@ RAJASTHAN.GOV.IN Phone No. 02973-222242

क्रमांक - एफ ( ) / संयुनिकृ / निविदा / 2025-26/ 1604 दिनांक :-17 /06/2025

**::- खुली निविदा आमंत्रण सूचना सं. -02 ::-**

इस कार्यालय के नियन्त्रणाधीन मृदा प्रयोगशाला में सॉयल हेल्थ कार्ड योजनान्तर्गत प्राप्त हो रहे मिट्टी के नमूनों के विश्लेषण हेतु आवश्यक रसायन सामग्री एवं उपकरण क्रय करने के बाबत् खुली निविदा आंमत्रित की जाती है जिसकी अनुमानित लागत 9.50 लाख रुपये होगी। अतः इच्छुक पंजीकृत फर्मे / आपूर्तिकर्ता / विक्रेता अपनी निविदा निम्नानुसार दिनांक व समय पर कार्यालय समय मे निर्धारित निविदा प्रपत्र प्राप्त कर बन्द लिफाफो में प्रस्तुत करे।

| क्र. सं | नाम कार्य / सामग्री | अनुमानित मूल्य | बोली बेचने की अंतिम दिनांक व समय | बोली प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक व समय | बोली खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Chemicals filter paper glassware | रु 950000/- | 24.06.2025 02:00 PM | 24.06.2025 04:00 PM | 25.06.2025 11:00 AM |

विस्तृत विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकता है।

(रामलाल जाट)
संयुक्त निदेशक कृषि (वि.)
जि.प. जालोर

